# झारखण्ड विधान सभा

# दैनिक विवरणिका

षष्टम् झारखण्ड विधान–सभा
संख्या–01

पंचम (बजट) सत्र
बुधवार, दिनांक–18 फरवरी, 2026 ई०।

**समय–11.00 बजे पूर्वा० से 01.02 बजे अप० तक।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

## 1.प्रारम्भिक वक्तव्य–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के पंचम (बजट) सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए शुभकामनाएँ दी गयी।

वक्तव्य को प्रारम्भ करते हुए उन्होंने कहा कि इस पंचम (बजट) सत्र में कुल–17 बैठकें निर्धारित हैं। इस दौरान वित्तीय वर्ष–2025–26 का तृतीय अनुपूरक बजट एवं वित्तीय वर्ष–2026–27 का वार्षिक बजट उपस्थापित किये जाने सम्बन्धी सूचना से सदन को अवगत कराया।

आसन द्वारा सम्बोधन के क्रम में कहा गया कि झारखण्ड विधान सभा तकनीकी आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। **National e-Vidhan Application** (नेवा) प्रोजेक्ट के तहत आंशिक क्रियान्वयन इस बजट सत्र में प्रारम्भ किया जा रहा है जिसके (नेवा) सेवा केन्द्र का उद्घाटन 11 फरवरी, 2026 को माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन के कर कमलों द्वारा किया गया है जिससे विधान सभा की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुलभ एवं दक्ष बन सकेगी। इसके माध्यम से इस सत्र से शून्यकाल की सूचनाएँ नेवा एप्लिकेशन के माध्यम से ऑन लाईन प्राप्त की जाएगी। भविष्य में प्रश्नोत्तर, कार्यसूची, विधेयकों एवं अन्य संसदीय दस्तावेजों का भी अधिकाधिक डिजिटलीकरण किया जाएगा। यह पहल "पेपरलेस विधान सभा" की दिशा में एक ठोस प्रयास है। हम सभी इस सदन में जनता के विश्वास और आशाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की निगाहें इस सदन की कार्यवाही पर रहती है। हमारे प्रत्येक शब्द, आचरण और निर्णय में राज्यहित सर्वोपरि होना चाहिए। मतभेद लोकतंत्र की आत्मा है परन्तु मनभेद लोकतंत्र को दुर्बल करते हैं। अतः हमसब मिलकर इस सत्र को स्वस्थ, सकारात्मक और परिणामोन्मुख बनाएँ।

स्थापित संसदीय परम्पराओं के अनुरूप इस सत्र में माननीय राज्यपाल महोदय सदन को सम्बोधित करेंगे इसके उपरांत आसन द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय से प्राप्त निम्न संदेश को पढ़ा गया:–

## संदेश

"भारत के संविधान के अनुच्छेद–176 के खण्ड(1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, संतोष कुमार गंगवार, झारखण्ड का राज्यपाल, एतद् द्वारा झारखण्ड विधान सभा को दिनांक–18 फरवरी, 2026 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और इस हेतु झारखण्ड विधान सभा के सभा वेश्म, राँची में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ।"

ह०/संतोष कुमार गंगवार,
झारखण्ड के राज्यपाल

राँची,
दिनांक–12 जनवरी,2026

कृ०पृ०उ०

इसके उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय राज्यपाल महोदय की अगवानी के लिए सदन से कुछ क्षण के लिए बाहर गये और इस दौरान सदन में माननीय सदस्यों से सदन में शांति बनाये रखने हेतु आग्रह किया साथ ही अपने–अपने स्थान पर विराजमान रहकर सदन की व्यवस्था एवं गरिमा बनाये रखने का भी अनुरोध किया गया।

**(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय के साथ माननीय राज्यपाल महोदय का सदन में आगमन।)**

**(राष्ट्रीय धुन)**

आसन के निदेश पर सभा सचिव द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय से सदन में अपना अभिभाषण दिये जाने हेतु आग्रह किया गया।

## 2.राज्यपाल महोदय का अभिभाषण–

राज्यपाल महोदय द्वारा झारखण्ड विधान सभा के वर्ष–2026 में आयोजित प्रथम सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की गयी। साथ ही उनके द्वारा हार्दिक कामना व्यक्त किया गया कि राज्य के सभी नागरिकों और आप सभी के लिए यह वर्ष सुख, समृद्धि, विकास, लोक कल्याण और खुशहाली का एक नया अध्याय सिद्ध हो।

माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सम्बोधन में उद्धृत किया गया कि विगत वर्ष के उत्तरार्द्ध में हमारे बीच से दिशोम गुरू को नियति द्वारा छीन लिया गया जिससे हम सब स्तब्ध और शोकाकुल हो गये। जिसके लिए उन्होंने आदरणीय दिशोम गुरू सहित सभी अन्य दिवंगत पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अपने अभिभाषण के दौरान राज्यपाल महोदय के द्वारा राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं, युवाओं, किसानों, छात्र–छात्राओं एवं गरीबों के लिये चलायी जा रही विभिन्न विकासोन्मुखी कार्यक्रम एवं कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक सदन को अवगत कराया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि आप सदैव इस सदन की उच्च गरिमा और पवित्रता को बनाये रखेंगे और आपके विचार–विमर्श में सदैव निःस्वार्थ सेवा, अपने सार्वजनिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठा एवं जनता का हित ही प्रमुख होगा। साथ ही अपेक्षा की गयी कि राज्य को उत्तम से सर्वोत्तम राज्य बनाये की दिशा में सरकार द्वारा किये जा रहे भगीरथ प्रयासों को आपका भरपूर सहयोग मिलेगा। अंत में शुभकामना प्रेषित करते हुए उन्होंने सबके स्वस्थ और सफल जीवन की कामना के साथ अपने अभिभाषण को समाप्त किया। जय हिन्द, जय झारखण्ड।

इसके पश्चात् सभा सचिव द्वारा अभिभाषण समाप्ति की सूचना दी गयी।

**(राष्ट्रीय धुन)**

**(इस अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदय को ससम्मान विदा करने माननीय अध्यक्ष महोदय सदन से बाहर प्रस्थान किये।)**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय का पुनः आगमन एवं आसन ग्रहण।)**

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव सम्बन्धी संशोधन आज दिनांक–18.02.2026 को 03.00 बजे अप० तक दिये जाने हेतु आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया। संशोधन का प्रस्ताव दलीय नेता अथवा उनके द्वारा अधिकृत सदस्य दे सकेंगे और प्रत्येक दल से मात्र एक ही संशोधन स्वीकार्य होगा, तत्सम्बन्धी नियमन आसन से दिया गया।

## 3.सभापति तालिका की घोषणा–

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–10(1) के अधीन षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के पंचम (बजट) सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को सभापति मनोनीत किया गया–

| | |
|---|---|
| श्री स्टीफन मराण्डी, | स०वि०स०, |
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, | स०वि०स०, |
| श्री निरल पुरती, | स०वि०स०, |
| श्री रामचन्द्र सिंह, | स०वि०स०, |
| डॉ० नीरा यादव, | स०वि०स०। |

## 4.कार्य–मंत्रणा समिति की घोषणा–

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–224(1) के अधीन षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के पंचम (बजट) सत्र के लिए कार्य–मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया–

| | | |
|---|---|---|
| श्री रबीन्द्र नाथ महतो, | अध्यक्ष | सभापति |
| श्री हेमन्त सोरेन, | मुख्यमंत्री | सदस्य |
| श्री राधा कृष्ण किशोर, | संसदीय कार्यमंत्री | सदस्य |
| श्री बाबूलाल मराण्डी, | नेता प्रतिपक्ष | सदस्य |
| श्री प्रदीप यादव, | स०वि०स० | सदस्य |
| श्री निरल पुरती, | स०वि०स० | सदस्य |
| श्री अरूप चटर्जी, | स०वि०स० | सदस्य। |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री दीपक बिरूवा, | मंत्री |
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, | स०वि०स० |
| श्री मथुरा प्रसाद महतो, | मुख्य सचेतक (सत्तापक्ष) |
| श्री नवीन जयसवाल, | मुख्य सचेतक (प्रतिपक्ष) |
| प्रो० स्टीफन मराण्डी, | स०वि०स० |
| श्री सरयू राय, | स०वि०स० |
| श्री सुरेश पासवान, | स०वि०स० |
| श्री जनार्दन पासवान, | स०वि०स० |
| श्री बसन्त सोरेन, | स०वि०स० |
| डॉ० नीरा यादव, | स०वि०स० |
| श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन | स०वि०स० |
| श्री निर्मल महतो, | स०वि०स० |
| श्री जयराम कुमार महतो, | स०वि०स०। |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

इस समिति की बैठक सभा की आज की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद अध्यक्षीय कार्यालय कक्ष में होगी, इस आशय की सूचना आसन द्वारा दी गयी तथा सभी सम्बन्धित माननीय सदस्यों से इसमें उपस्थित रहने का आग्रह भी किया गया।

## 5.औपचारिक कार्य–

### (क) माननीय राज्यपाल से प्राप्त अनुमत विधेयक का सभा पटल पर रखा जाना–

आसन की अनुमति से सभा सचिव द्वारा झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की एक विवरणी सभा पटल पर रखी गयी जिसपर माननीय राज्यपाल महोदय ने अपनी अनुमति प्रदान की है और जिसकी सूचना षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के चतुर्थ सत्र की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त हुई है–

| क्र०स० | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 01. | झारखण्ड विनियोग (संख्या–04), विधेयक, 2025 | 13.12.2025 | 12/2025 |
| 02. | झारखण्ड प्लेटफॉर्म आधारित गिग श्रमिक (निबंधन और कल्याण) विधेयक, 2025 | 13.12.2025 | 13/2025 |
| 03. | झारखण्ड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 | 20.01.2026 | 01/2026 |

**(ख) कृत–कार्रवाई प्रतिवेदन का सभा पटल पर रखा जाना–**

आसन की अनुमति से माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के नियम–244(2) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के चतुर्थ सत्र में विभिन्न विषयों पर सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों से सम्बन्धित कृत–कार्रवाई प्रतिवेदन की प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

**6.शोक–प्रकाश–**

आसन द्वारा विगत सत्र से अबतक की अवधि के बीच से निधन हुए कई समाजसेवी, राजनेता, खिलाड़ी, कलाकार और आम नागरिकों के प्रति अपनी गहरी शोक–संवेदना प्रकट किया गया। निधन हुए प्रमुख व्यक्तियों में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री, शिवराज पाटिल, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री, अजित पवार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सुरेश कलमाड़ी, पूर्व विधायक, रामचन्द्र नायक एवं गौर हरिजन, पूर्व स्वतंत्रता सेनानी, हारून टोपनो, ज्ञानपीठ पुरस्कार एवं साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार, बिनोद कुमार शुक्ल, प्रमुख पारिस्थितिकीविद् माधव गाडगिल, राँची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रतिकुलपति एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रो० बी०पी० शरण, महान स्वतंत्रता सेनानी अमर वीर शहीद नीलाम्बर–पीताम्बर के वंशज, रामनंदन सिंह खरवार, विख्यात पत्रकार पद्मभूषण, मार्क टली, त्रिपुरा विधान सभा के अध्यक्ष, बिश्वबंधु सेन, प्रसिद्ध शिल्पकार, राम सुतार, नागपुरी फिल्म के निर्माता–निर्देशक एवं लोक गायक धनंजय तिवारी, गुवा गोलीकांड के साक्षी, आंदोलनकारी दरगराय सिरका।

गोवा नाईट क्लब में भीषण आग से 25 लोगों की मौत की घटना, जम्मू–कश्मीर में सैन्य वाहन दुर्घटना में सेना के 10 जवानों के शहीद होने की घटना, हिमाचल प्रदेश में बस दुर्घटना में 14 लोगों के मौत की घटना, उत्तराखण्ड में बस की खाई में गिरने से 07 लोगों की मौत, अरूणाचल प्रदेश में ट्रक के खाई में गिरने से 18 मजदूरों के मौत की घटना एवं लातेहार जिले में महुआडांड़ में बस दुर्घटना में 09 यात्रियों की मौत पर भी शोक संवेदना व्यक्त की गयी।

तदुपरांत आसन से पुकारे जाने पर सदन नेता सह माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री बाबू लाल मराण्डी, माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, माननीय सदस्य, श्री सुरेश पासवान, माननीय सदस्य, श्री सरयू राय, माननीय सदस्य, श्री जनार्दन पासवान, माननीय सदस्य, श्री निर्मल महतो एवं माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो ने भी ऊपर उल्लिखित निधन हुए विभूतियों के प्रति अपनी शोक–संवेदना प्रकट की, इसके साथ ही शोक संवेदना प्रकट करने हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक–19.02.2026 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–18 फरवरी, 2026 ई०।

रंजीत कुमार
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।